भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग
कार्यालय महालेखाकार
(लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश,
भोपाल शाखा, 53, अरेरा हिल्स,
नर्मदापुरम रोड, भोपाल–462011
Phone: 0755-2554821 & 2764037
Fax: 0755-2557452
E-mail: srdagaebhopal@cag.gov.in

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT,
Office of the Accountant General
(A & E) Madhya Pradesh,
Bhopal Branch, 53, Arera Hills,
Narmadapuram Road, Bhopal-462011
Phone: 0755-2554821 & 2764037
Fax: 0755-2557452
E-mail: srdagaebhopal@cag.gov.in

क्र. उ.म.ले.(नि.ले.)/नि.वि.-I/का.आ.-3 दिनांक: 15.07.2026

## कार्यालय आदेश

यह कार्यालय के संज्ञान में आया है कि संभागीय लेखापाल संवर्ग (DA Cadre) के अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका (Service Book) में आवश्यक प्रविष्टियाँ या तो समय पर दर्ज नहीं की जा रही हैं अथवा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियाँ की जा रही हैं, जिसके फलस्वरूप सेवा अभिलेखों के संधारण में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

अतः समस्त संभागीय लेखापाल संवर्ग (DA Cadre) के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस कार्यालय आदेश की जानकारी अपने संबंधित कार्यपालन यंत्री/संभाग प्रमुख के संज्ञान में लाएँ तथा यह सुनिश्चित करें कि DoPT के प्रचलित नियमों एवं निर्देशों के अनुसार उनकी सेवा पुस्तिका में समय-समय पर होने वाली समस्त प्रविष्टियाँ संबंधित अनुभाग द्वारा सही एवं पूर्ण रूप से अंकित की जाएँ तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित एवं हस्ताक्षरित कराई जाएँ।

इसके अतिरिक्त, समस्त संभागीय लेखापाल संवर्ग अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक वर्ष उनकी सेवा पुस्तिका का अवलोकन (Inspection) उनके द्वारा किया जाए तथा उसमें दर्ज समस्त प्रविष्टियों का सत्यापन कर, नियमानुसार इसका अभिलेख सेवा पुस्तिका में अंकित कराया जाए।

उक्त निर्देशों का पालन प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। भविष्य में सेवा पुस्तिका में प्रविष्टियों के अभाव अथवा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अथवा सेवा संबंधी कठिनाई के लिए संबंधित संभागीय लेखापाल संवर्ग अधिकारी/कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

यह पत्र उप महालेखाकार (निर्माण लेखा) द्वारा अनुमोदित है।

**वरिष्ठ लेखाधिकारी**
**निर्माण विविध-I**

Digitally signed by
Sandhya Kher
Date: 14-07-2026
12:15:41

DAG (W/Accts) / Sectt. / D-71-72 Date: 15.07.2026

प्रति,

1. समस्त संभागीय लेखाधिकारी / कर्मचारी, मध्य प्रदेश को जानकारी एवं निर्देशार्थ प्रेषित ।

2. मध्यप्रदेश के विभिन्न निर्माण संभागों (PWD, WRD, PHE एवं RES) एवं NVDA में पदस्थ समस्त कार्यपालन यंत्री / संभागीय अधिकारी जो कि संभागीय लेखापाल संवर्ग अधिकारी / कर्मचारियों के संबंध में रिपोर्टिंग अधिकारी हैं, को जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

Sanahyal 15/7/2

**वरिष्ठ लेखाधिकारी**
**निर्माण विविध-I**